## दिनांक 28.01.2016 को एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति (PSC) की छठी बैठक का कार्यवृत्त

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (ILSP) की परियोजना संचालन समिति की छठी बैठक दिनांक 28.01.2016 को अपराह्न 12:45 बजे श्री शत्रुघ्न सिंह, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति की अध्यक्षता में मुख्य सचिव सभागर, सचिवालय देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है:**

**उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–**

1. अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन श्री एस॰ राजू।
2. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन श्री एम॰सी॰ जोशी।
3. सचिव, उद्योग, उत्तराखण्ड शासन श्री आर॰ के॰ सुधाशुं।
4. सचिव, जलागम, श्री अनन्द वर्द्धन।
5. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास के प्रतिनिधि श्री वाई॰के॰ पंत, अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
6. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि अपर प्रमुख वन संरक्षक (प्रशासन) श्रीमती रंजना काला।
7. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
8. परियोजना निदेशक, UGVS एवं मुख्य परियोजना निदेशक IFAD-ILSP श्री विजय कुमार।

**परियोजना के क्रियान्वयन में सहभागी विभाग/बोर्ड व गैर सरकारी संगठन – विशेष आमंत्रित सदस्य**

1. मुख्य परियोजना निदेशक (JICA), श्री अनूप मलिक।
2. मुख्य महाप्रबन्धक नाबार्ड, उत्तराखण्ड देहरादून के प्रतिनिधि श्री हेमन्त कुमार सबलानिया, उप महाप्रबन्धक, नाबार्ड।
3. निदेशक, उद्यान डॉ॰ वी॰एस॰ नेगी।
4. कृषि निदेशक उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि श्री परमाराम संयुक्त कृषि निदेशक, उत्तराखण्ड।
5. राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी के कन्वेनर बैंक–भारतीय स्टेट बैंक देहरादून के प्रतिनिधि श्री महिपाल सिंह।

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा संचालन समिति की छठी बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

**कार्यसूची PSC: 6.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 29.07.2015 को आयोजित पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मुख्य परियोजना निदेशक, IFAD-ILSP श्री विजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की पंचम बैठक मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 29.07. 2015 को सम्पन्न हुई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्रांक 65/PSC-5/2015-16 दिनांक 29.07.2015 के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया था। बैठक के उक्त कार्यवृत्त को सुलभ संदर्भ हेतु सदस्यगणों के अवलोकनार्थ बैठक में प्रस्तुत किया गया।

**सदस्यगणों द्वारा उक्त कार्यवृत्त का अवलोकन कर पुष्टि की गई।**

**कार्यसूची PSC: 6.02 : एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 29.07.2015 को आयोजित परियोजना संचालन समिति की पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना संचालन समिति की दिनांक 29.07.2015 को आयोजित 5वीं बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अनुपालन हेतु तात्कालिक बिन्दुओं को इंगित किया गया था। उक्त बिन्दुओं पर निर्देशानुसार कार्यवाही की जा चुकी है/प्रगतिरत है।

सदस्यगण द्वारा अनुपालन की स्थिति को संज्ञानार्थ लिया गया।

**कार्यसूची PSC: 6.03: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2014–15 के लेखा का वार्षिक अंकेक्षण तथा Balance Sheet का अनुमोदन।**

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की गतिविधियों का ऑडिट CAG Empennelled, CA Firm M/s DMA & Associates के द्वारा किया गया। ऑडिट उपरान्त निर्धारित प्रारूप में Project Financial Statement माह सितम्बर 2015 में IFAD को प्रेषित किया जा चुका है। उक्त की छायाप्रति सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

सदस्यगणों के द्वारा अवलोकन उपरान्त Project Financial Statement को अनुमोदन प्रदान किया गया।

इसी क्रम में Management Letter पर चर्चा हुई। चर्चा में IFAD के सुझावको संज्ञान में लेते हुए परियोजना संचालन समिति के पूर्व निर्णय जिसमें Internal Audit को छमाही करने का निर्णय हुआ था, उक्त को तिमाही में कराये जाने का समिति द्वारा निर्देश दिए गए।

**कार्यसूची PSC: 6.04: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 के लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की अद्यतन स्थिति :–**

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु अनुमोदित AWPB रु.151.31 करोड़ है जिसमें रु.10.21 करोड़ Beneficiary Contribution तथा रू.18.34 करोड़ Bank Finance इत्यादि सम्मिलित है। AWPB के Project Component में कुल रु.151.31 करोड़ के सापेक्ष दिनांक 31.12.2015 तक रु.58.23 करोड़ की प्रगति की गई है। उक्त प्रगति को Web based MIS मे देखा जा सकता है। MIS से सृजित मुख्य विवरण सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। उपलब्धियों का घटक व उपघटकवार विवरण निम्न प्रकार है–

| Component | AWPB 2015-16 Amount (000) | Achievement (including beneficiary contribution) Amount (000) |
|---|---|---|
| Food Security & Livelihood Enhancement | 755665 | 368950 |
| Participatory Watershed Management | 490572 | 203973 |
| Livelihood Finance – UPASaC | 235210 | 931 |
| Project Management | 31745 | 8464 |
| **Total** | **1513193** | **582318** |

समिति उपरोक्तानुसार प्रगति से अवगत हुई।

**कार्यसूची PSC: 6.05: संशोधित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2015–16 का अनुमोदन।**

मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि दिनांक 29.07.2015 को परियोजना संचालन समिति की पंचम बैठक में वर्ष 2015–16 हेतु रू॰151.00 करोड़ का वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। उक्त के क्रम में ILSP हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में AWPB को संशोधित कर रू॰129.82 करोड़ निम्नानुसार रखा जाना प्रस्तावित किया गया है : –

**RAWPB 2015-16**

| Component | AWPB 2015-2016 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Units | Amount (000) | GoUK | IFAD | Banks | Bene |
| Food Security & Livelihood Enhancement | 34422 | 689358 | 53641 | 600411 | - | 35305 |
| Participatory Watershed Management | 4534 | 413289 | 78520 | 299689 | - | 35078 |
| Livelihood finance - UPASaC | 3803 | 171270 | 16853 | 10812 | 134400 | 9204 |
| Project Management | 827 | 24297 | 5181 | 19115 | | - |
| **Total** | **43586** | **1298214** | **154195** | **930027** | **134400** | **79587** |

उक्त का विस्तृत विवरण माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया तथा संशोधित वार्षिक कार्ययोजना 2015–16 की महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण भी पृथक से अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

समिति को यह भी अवगत कराया गया कि दिनॉक 01.02.2012 को आईफैड व भारत सरकार के मध्य सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule1Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना संचालन समिति के द्वारा परियोजना के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है।

**समिति द्वारा उपरोक्तानुसार एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 के संशोधित वार्षिक बजट रू129.82 करोड का अवलोकन करने के उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**कार्यसूची PSC: 6.06: प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2016–17 का अनुमोदन**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए रू॰188.60 करोड़ की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति को अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं अर्न्तराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के मध्य दिनॉक 01.02.2012 को सम्पादित वित्तीय अनुबन्ध के Schedule-1 Part-II के पैरा 6.2 के अनुसार परियोजना संचालन समिति के द्वारा परियोजना के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का अनुमोदन किया जाना है। वार्षिक कार्ययोजना की महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण पृथक से सदस्यगणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। AWP&B का घटक/उपघटकवार विवरण निम्नानुसार है :–

**AWPB 2016-17**

| Component | AWPB 2015-2016 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Units | Amount (000) | GoUK | IFAD | Banks | Bene |
| Food Security & Livelihood Enhancement | 44316 | 848073 | 72937 | 724743 | - | 50392 |
| Participatory Watershed Management | 5374 | 709049 | 113966 | 530212 | - | 64871 |
| Livelihood Finance - UPASaC | 7150 | 296000 | 27155 | 21743 | 234550 | 12551 |
| Project Management | 985 | 32932 | 6905 | 26026 | - | 0 |
| **Total** | **57825** | **1886054** | **220963** | **1302724** | **234550** | **127814** |

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार रू.188.60 करोड़ की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2016–17 का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।

(शत्रुघ्न सिंह)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष, परियोजना संचालन समिति,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना–ILSP

(विजय कुमार)
मुख्य परियोजना निदेशक,
केन्दीय परियोजना समन्वयन इकाई,
एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना–ILSP

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)**
**केन्द्रीय परियोजना समन्वयन इकाई (CPCU)**
**(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)**
216, पंडितवाड़ी, फेज–II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 173 /PSC-VI/2015–16 दिनांक 30.1.16

**प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर मुख्य सचिव, वन, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव कृषि/पशुपालन/उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव, जलागम देहरादून।
7. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
8. मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम।
9. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

30/01/2016
(विजय कुमार)
मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

**पत्रांक 173 /PSC-VI/2015–16 तद्दिनांकित।**
**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद्, देहरादून।
2. मुख्य परियोजना निदेशक, जायका, देहरादून।
3. निदेशक, कषि, उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, उद्यान, उत्तराखण्ड।
5. मुख्य महा प्रबन्धक, नाबार्ड, देहरादून।

6. निदेशक, खादी एवं ग्रामोद्योग, देहरादून।
7. महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, 2 कैन्ट रोड देहरादून (राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी कन्वेयर बैंक)।
8. वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक, उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद, देहरादून।

30/01/2016
(विजय कुमार)
मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

पत्रांक 173 /PSC-VI/2015–16 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. Executive Director, Appropriate Technology India(ATI) Plot no- 15, Mohabbewala, Industrial Area, Dehradun.
2. Secretary, Shri Bhuvneshwari Mahila Ashram, Post Anjanisain, Tehri Garhwal- 249121, Uttarakhand.
3. Chairman, Asian Society for Entrepreneurship Education & Development (ASEED) B-9/6238, Vasant Kunj, New Delhi – 110070.
4. President, Gramin Samaj Kalyan Samiti (GRASS) Talla Chinakhan, Almora (U.K.) -26360.
5. Chief Executive, IFFDC Ltd. FMDI, IFFCO Colony, Sector- 12 B, Gurgaon- 122001.
6. Secretary, Himalayan Action Research Centre (HARC) 744, Indira Nagar, Phase-II Dehradun-248006.
7. Director, Centre for Business & Entrepreneur Development Society (CBED) 14, Indira Nagar, P.O. New Forest,Dehradun-248006.

30/01/16
(विजय कुमार)
मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP